# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा

## वार्षिक प्रतिवेदन 2021–22

राष्ट्रीय सेवा योजना के नवीन सत्र् का आरंभ वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुआ, कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय उद्यान एवं परिसर में पौधारोपण कर इनके संरक्षण का उत्तरदायित्व अपने हाथों में लिया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दी। जिला प्रशासन, एनएसएस एवं ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में मतदान नामांकन यूथ फेस्टिवल 25 नवंबर, 2021 को आयोजित हुआ, कार्यक्रम में 1 जनवरी, 2022 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की समस्त प्रक्रिया से जिला प्रशासन के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत करवाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सत्र् 2021–22 के दोनों ईकाईयों के स्वयंसेवकों हेतु आमुखीकरण कार्यक्रम 22 दिसंबर, 2021 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है उसके उद्देश्य क्या हैं, इसकी आवश्यकता क्या है, महाविद्यालय की ईकाईयों द्वारा अब तक क्या क्या कार्य किए गए हैं आदि के बारे में पूर्व एवं भावी स्वयंसेवको को जानकारी व सीख दी गई, साथ ही यह आह्वान किया गया कि वही विद्यार्थी योजना से जुड़े जो समाज हित में कार्य करने के इच्छुक हों।

गांधी दर्शन एवं वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता विषय पर दिनांक 23 दिसंबर 2021 से 29 दिसंबर 2021 तक महाविद्यालय की दोनों ईकाईयों का सप्तदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उद्घाटन सत्र् में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, गठन और प्राप्त उपलब्धियों पर चर्चा की गई और पूर्व प्रभारियों और स्वयंसेवकों द्वारा अपने प्राप्त अनुभवों को साझा किया गया। इसके उपरांत द्वितीय दिवस से षष्ठ दिवस तक प्रतिदिन सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास एवे पिछले दिन के कार्यों के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण के पश्चात् सत्र् का आरंभ हुआ इसके पश्चात् परिसर सौन्दर्यीकरण हेतु श्रमदान प्रतिदिन किया गया। द्वितीय दिवस को गांधी दर्शन विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। गोद ली हुई बस्ती इश्काबाद में नुक्कड़ नाटक व रैली का आयोजन कर स्वच्छता, बच्चों को शिक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु कार्य करने और इन कुरीतियों का अंधानुकरण न करने का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने इस दौरान स्वच्छता, सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं कोविड बचाव हेतु टीकाकरण संबंधी सर्वे कार्य को भी किया। कैम्प में स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। इसके अतिरिक्त कैम्प में विभिन्न सास्कृतिक, साहित्यिक एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण का प्रयास किया गया। शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने शिविर में मिले आत्मसंतोष और अनुभवों को साझा किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन 19 फरवरी 2022 को हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने परिसर सौन्दर्यीकरण हेतु सामूहिक श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व बौद्विक गतिविधियों में भाग लिया गया। फरवरी, 2022 के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय कार्यशाला जिसका शीर्षक छात्राओं में गिरते हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाना था का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रक्तदान करने वाली संस्था तुलसी ब्लड फाउण्डेशन की जिला समन्वय द्वारा छात्राओं को हीमोग्लोबिन के स्तर को बढाने हेतु उपायों की जानकारी दी गई, ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इस कार्यशाला को एटीबीएफ की नगर अध्यक्ष ज्योत्सना वीरवाल द्वारा भी संबोधित किया गया।

इसी क्रम में महाविद्यालय में महात्मा गांधी काउंसिल ऑफ रूरल एजूकेशन भारत सरकार की ओर से ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छता, सेनीटेशन आदि विषयों पर द्वितीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक डॉ वीरवाल ने स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, ग्रीन कैम्पस कैसे बने? एवं सेनिटेशन के बारे में विस्तार

से बताया। इस अवसर पर कैम्पस एम्बेसेडर आंचल शेखावत ने भी अपने विचार रखे। जिला समन्वय ने इस अवसर पर संपूर्ण कैम्पस का निरीक्षण कर महाविद्यालय में स्वच्छता, पेयजल, सेनिटेशन, जल भराव एवं संरक्षण के संबंध में महाविद्यालय की स्थिति का जायजा लेकर एक प्रतिवेदन तैयार किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन 13 मार्च, 2022 को हुआ। शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के सौन्दर्यीकरण हेतु श्रमदान दिया। गोद ली गई बस्ती इश्काबाद में बच्चों को स्वयंसेवकों द्वारा बिस्किट वितरण किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रकार संपूर्ण सत्र् में स्वयंसेवकों द्वारा समाज सेवा, जागरूकता और सामूहिक व्यक्तित्व निर्माण हेतु कई कार्यों को किया जाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया गया, जिसमें वे सफल रहे।



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों का आमुखीकरण सम्पन्न

भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा

स्थानीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों का आमुखीकरण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कमल नाहर के मुख्य आतिथ्य एवं जिला समन्वयक भगवान साहु के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागौरी ने बताया कि आमुखीकरण में राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत कुल 120 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने रा.से.यो. के व्यापक उद्देश्य एवं स्वयं सेवकों के कर्तव्य को स्पष्ट किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम सेठी ने 23 दिंसबर से आयोजित होने वाले सप्त दिवसीय शिविर की जानकारी दी।



एनएसएस का 7 दिवसीय शिविर शुरू

भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा

स्थानीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष शारदा के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. कमल नाहर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर पार्षद रवि प्रकाश सोनी, जावेद खान एवं युथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जसवन्त आंजना विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागौरी एवं डॉ. नीलम सेठी के संयोजन में आयोजित उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के व्यापक उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए गांधी दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. इशहाक मोहम्मद, डॉ. हस्तीमल कोठारी एवं जिला समन्वयक प्रो. भगवान साहु, छात्रसंघ अध्यक्ष साजन सोनी, उपाध्यक्ष विक्रम अहीर, केम्पस एम्बेसडर अर्जुनगिरी गोस्वामी, आंचल शेखावत ने स्वयं सेवक का मनोबल बढ़ाया।

सांवलियाजी। स्वयंसेवकों को संबोधित करते प्राचार्य

एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

सांवलियाजी। श्री सांवलियाजी राजकीय महाविद्यालय मंडफिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गांधी दर्शन की प्रासंगिकता थीम पर विशेष शिविर शुरू हुआ। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार झाकल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं सात दिवस शिविर की कार्य योजना के बारे में बताया। डॉ. संत कुमार मीणा ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. श्रवण लाल खटीक ने जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर कंचन कुमारी जाट, सुनील दानी, नरेंद्र चौधरी, अजय टांक, शोभा लाल जाट, विनय नेकेल एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।



आत्मरक्षा और मास्क वितरण को समर्पित रासेयो शिविर का 5वां दिन

भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सप्त दिवसीय शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागौरी के अनुसार प्रथम सत्र में छात्राओं ने स्वयंसेविका खुशी शर्मा के नेतृत्व में आत्म सुरक्षा के गुर सीखे। छात्रों ने अस्पताल परिसर में प्रो. इशहाक मोहम्मद के निर्देशन में मास्क वितरित किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम सेठी के अनुसार द्वितीय सत्र में आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तृतीय सत्र में अनुशासन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान दिया। अंत में दोनों कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गंगा समूह प्रथम व कृष्णा समूह द्वितीय स्थान पर रहा।



## एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

निंबाहेड़ा | सरकारी कॉलेज में 23 दिसंबर को शुरू हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यवाहक प्राचार्य इसहाक मोहम्मद एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागौरी ने सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कैंपस एंबेसडर अर्जुनगिरी गोस्वामी एवं आंचल शेखावत ने शिविर के अनुभव साझा किए। प्राचार्य डॉ. कमल नाहर एवं जिला समन्वयक भगवान साहू के निर्देशन में विविध गतिविधियां हुईं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम सेठी के अनुसार अजयसिंह राजपूत एवं आयुष शर्मा को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक एवं खुशी शर्मा व निशा आंजना को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का पुरस्कार दिया गया।

## हिमोग्लोबिन बढ़ाने के उपाय बताए

भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा



निम्बाहेड़ा। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं में हिमोग्लोबिन बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागोरी ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था आचार्य तुलसी ब्लड फांउडेशन की जिला संयोजक वर्षा कृपलानी ने छात्राओं को घरेलु उपचार से हिमोग्लोबिन बढ़ाकर उत्तम स्वास्थ्य पाने के उपाय बताए। कार्यशाला को एटीबीएफ की नगर अध्यक्ष ज्योत्सना वीरवाल ने भी संबोधित किया। प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर आचार्य तुलसी ब्लड फांउडेशन की समन्वयक भावना वीरवाल, रश्मि पटवा, ममता नागोरी, महाविद्यालय के संकाय सदस्य सीमा विजय, डॉ. शेरा बानो, डॉ. शहनाज, छात्र एम्बेसडर अर्जुन गिरी गोस्वामी, आंचल शेखावत मौजूद थी। संचालन डॉ. नीलम सेठी ने किया।

दैनिक भास्कर - 20.2.2022

## शिविर में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

निंबाहेड़ा| स्थानीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। प्राचार्य डॉ. कमल नाहर के अनुसार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागोरी ने बताया कि प्रथम सत्र में परिसर सौन्दर्यकरण के लिए स्वयंसेवकों के समूह ने श्रमदान का कार्य किया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम सेठी के निर्देशन में स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व बौद्धिक गतिविधियां सम्पन्न की गई। शिविर में महाविद्यालय के अर्जुनगिरी गोस्वामी, आयुश शर्मा, निशा आंजना, रौनक दमामी आदि स्वयं सेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

Second One Day Camp held on 13/3/2022
News Report

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कॉलेज में श्रमदान किया

निंबाहेड़ा | महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम सेठी ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर के सौन्दर्यीकरण के लिए श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा नागोरी के मार्गदर्शन में गोद ली हुई बस्ती [illegible] में स्वयं सेवकों द्वारा बिस्कुट वितरण किए गए। तृतीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर में आंचल शेखावत, अर्जुन गिरी गोस्वामी, मेहजबीन, सतीश भांबी, रौनक दमामी आदि ने भाग लिया।

Dainik Bhaskar
Dated: 14/3/2022

कार्यक्रम अधिकारी